हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

VB

VB TOWER

A PROJECT BY

VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD.

PROUD CREDAI MEMBER

After Grand Success of

PHASE - 1

PRESENTING

VB TOWER

PHASE - 2

PREMIUM COMMERCIAL OFFICES &
STUDIO APPARTMENTS



SPECIAL FEATURING

MR.SONU SHARMA

MOTIVATIONAL SPEAKER I BUSINESS COUCH I AUTHOR

GET LATEST INSIGHTS OF REAL ESTATE

31 OCTOBER-1 PM TO 2.30 PM

LAUNCHING ON

31 OCT SATURDAY & 1 NOV SUNDAY 2026

WORLD CLASS AMENITIES

CAFETERIA CONFERENCE HALL PODIUM GARDEN SITTING LOUNGE

WE DELIVERED WHAT WE PROMISED

Call for Details:

+91 62626 20136

MOWA, VIDHAN SABHA
ROAD, RAIPUR

VB TOWER PHASE - I
PCGRERA300922001535
HTTPS://RERA.CGSTATE.GOV.IN

VB TOWER PHASE - II
PCGRERA121026002167
HTTPS://RERA.CGSTATE.GOV.IN

CHHATTISGARH REAL ESTATE REGULATORY AUTHORITY
CG RERA
RAIPUR

CLASSIC GROUP
LIFESTYLE MATTERS

खुशियों का पिटारा खोलो,
इस दीपावली अपने नए घर का खोलो









बुकिंग पर पाएं
सुनिश्चित
विशेष उपहार*

*T&C APPLY

SCAN FOR RERA INFO

SCAN TO KNOW MORE

CLASSIC CASTLE
PCGRERA220620001124 | P3CGRERA031120000020
https://rera.cgstate.gov.in
Limited Premium Plots
NO FUTURE EXTENSION
901 902 1000
KACHNA, RAIPUR

SUMEET LANDSCAPE
PROJECT ASSOCIATE
CLASSIC VENTURES
CGRERA060320A000465
https://rera.cgstate.gov.in
Fully Developed Plots
800 - 2400 SQ.FT.
722 500 1000
VIDHAN SABHA ROAD

CLASSIC TOWERS
PCGRERA270223001615
https://rera.cgstate.gov.in
READY POSSESSION
2 & 3 BHK Flats
951 610 1000
AMLIDIH, RAIPUR

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



किसानों के दिल को चीर गया ‘अर्नब’

एक से छह सेंटीमीटर तक हुई बारिश से खेतों में भरा पानी, सड़ सकती है फसल

अर्नब तूफान गुजर गया, पर तबाही के निशां अब नजर आ रहे। असमय अनवरत बारिश से धान की पक रही फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। राज्य में अर्ली वेरायटी की फसल कटाई के लिए तैयार थी और कहीं-कहीं तो कटाई भी शुरू हो गई थी, लेकिन बारिश और तेज हवाओं से ये फसल खेत में लेट गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/दुर्ग/ धमतरी

धान की बालियां भी टूटकर खेतों में बिखर गई। इससे धान का उत्पादन प्रभावित होने के साथ गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इधर, राज्य सरकार ने किसानों को भरोसा दिया है कि आंकलन कर स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

चक्रवात के प्रभाव से राज्य में खासकर बस्तर संभाग में 27 अक्टूबर से जबकि शेष प्रदेश में 28 अक्टूबर से 6बारिश का सिलसिला शुरू हुआ था, जो 29 अक्टूबर शाम तक जारी रहा। इस दौरान एक सेंटीमाटर से लेकर 6 सेंटीमीटर तक बारिश हुई है। जिन क्षेत्रों में ज्यादा बारिश हुई है वहां नुकसान की भी आशँका ज्यादा है। जानकार सूत्रों के मुताबिक नुकसान का आंकलन सर्वे के बाद ही सामने आने की संभावना है।



रात में चली हवा से किसानों की मेहनत जमीन पर बिछी

धमतरी। पूरे जिले में धान की फसल के खराब होने की सूचना है। कंडेल, डाही, भानपुरी, नगरी, कुरूद सहित सभी स्थानों पर धान की फसल जमीन पर बिछ गई है। खेतों में पानी भरे होने से फसल के सड़ने का भी खतरा है। किसान पानी निकालने के लिए जुगाड़ तो कर रहे हैं, लेकिन लगातार बारिश से उनकी यह कोशिश नाकाम साबित हो रही है। बारिश के साथ हवा चलने से खेतों में लगी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसान गिरधर साहू, रामआसरा साहू ने बताया कि बुधवार को बारिश हुई, रात में तेज हवा चली, जिससे ज्यादा नुकसान हुआ है। सुबह उठकर जब वे खेतों में पहुंचे तो फसल ▶▶| शेष पेज 5 पर

दुर्ग में 2 इंच बारिश, धान की अर्ली वेरायटी की 70 % फसल लेटी

दुर्ग। दुर्ग जिले में पिछले दो दिनों की बारिश में करीब 2 इंच बारिश रिकार्ड की गई है। तेज हवाओं के साथ हो रही लगातार बारिश से धान की अर्ली वेरायटी की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों के मुताबिक करीब 70 प्रतिशत धान की फसल तेज हवाओं की वजह से खेतों में ही लेट गई है। बारिश का पानी भी खेतों में जमा हो रहा है। धान की बालियां पानी में सड़ने की स्थिति में पहुंच रही है। दुर्ग जिले में 1.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान ▶▶| शेष पेज 5 पर

केंद्रीय गृह मंत्री ने दिया हरसंभव सहायता का भरोसा

शाह ने सीएम साय से की बात, प्रदेश की ली जानकारी





केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से दूरभाष पर चर्चा कर चक्रवात 'अर्नब' के मद्देनजर छत्तीसगढ़ की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने उन्हें प्रदेश में बारिश और उससे उत्पन्न परिस्थितियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि चक्रवात के प्रभाव से प्रदेश में बारिश हो रही है, लेकिन अभी तक कहीं से भी बाढ़ की स्थिति अथवा जन हानि की सूचना नहीं है। राज्य सरकार स्थिति पर सतत निगरानी रख रही है और किसी भी संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए सतर्क है। मुख्यमंत्री श्री साय ने चक्रवात से प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता का आश्वासन देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की ▶▶| शेष पेज 5 पर

- मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को हालात से कराया अवगत

शाह ने प्रभावित राज्यों का जाना हाल

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सहित आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों से चर्चा कर चक्रवात की स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने प्रभावित राज्यों को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है।

अर्नब का देशभर में ऐसा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ओडिशा में 300 गांव प्रभावित, रेस्क्यू की तैयारी

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात अर्नब धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में तबाही के निशान छोड़ गया। छत्तीसगढ़, झारखंड, यूपी समेत कई राज्यों में दिनभर बारिश होती रही। ओडिशा के गंजाम जिले में लगातार 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। करीब 300 गांवों में बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार इन इलाकों में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर से निकालने की तैयारी कर रही है। राज्य में अब तक करीब 30 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चक्रवात ▶▶| शेष पेज 5 पर

- आंध्र के श्रीकाकुलम जिले में एक रेलवे पुल पानी में डूबा
- हावड़ा-चेन्नई मार्ग पर रेल सेवाएं प्रभावित, नौ ट्रेनें रद्द और 14 के मार्ग बदले गए

छग-ओडिशा में एक्टिव

अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का अब कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल गया है। यह सिस्टम दक्षिण छत्तीसगढ़ और इससे लगे दक्षिण ओडिशा के ऊपर एक्टिव है।

नए तूफान की आहट

एक तरफ अर्नब दक्षिण छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के ऊपर बने डिप्रेशन के कारण कमजोर पड़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर दक्षिण अंडमान सागर में एक नया लो प्रेशर क्षेत्र बन गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, आने वाले 48 घंटों में ये नया सिस्टम और मजबूत हो सकता है। इस नए तूफान की आहट ने बंगाल की खाड़ी में हलचल बढ़ा दी है।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹107252/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹130990/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹142988/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Conditions apply

anand Jewels Pandri, Raipur

जमीन चीरकर निकाला 'खजाना'

घर में गड़े तीन नीले ड्रमों से निकले 5 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

नीला ड्रम की बात सामने आते ही लोगों के जहन में डर पैदा हो जाता है। मेरठ की मुस्कान का नीला ड्रम वाला कांड के बारे में हर कोई जानता है।



मुस्कान ने अपने पति की हत्या करने के बाद नीले ड्रम में रख दिया था। अब प्रयागराज में भी एक नीला ड्रम पुलिस को बरामद हुआ है। इस बार नीला ड्रम में कोई लाश नहीं बल्कि नोटों के बंडल मिले हैं। घटना नवाबगंज के बरईपुर रामनगर गांव की है, यहां 3 ड्रमों में 500-500 की नोटों की गड्डियां का जखीरा बरामद हुआ है। शुरुआती गिनती में 5 करोड़ से अधिक का कैश बताया जा रहा है, वहीं गांव में चर्चा 60 करोड़ तक की है। मुखबिर की सूचना पर बुधवार शाम छापा मारा ▶▶| शेष पेज 5 पर

परिवार पुणे से आया था

पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, राकेश यादव का भाई बबलू यादव कई सालों से पुणे में रह रहा था। 2020 में कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान वह अपने दो साले और एक साले के साथ गांव आया था। शक है कि बरामद कैश इस दौरान गांव लाए गए पैसों से जुड़ा है। गांववालों के मुताबिक, राकेश यादव ने पिछले कुछ सालों में 50 बीघा जमीन खरीदी है। उन्होंने करीब 1.5 करोड़ की लागत से एक घर भी बनवाया है और दो ट्रैक्टर और एक डीजे सिस्टम भी खरीदा है।

नक्सलवाद समाप्ति के बाद 6 महीने तक समीक्षा कर लिया गया निर्णय

केदार, कवासी, बैज समेत 116 नेताओं की सुरक्षा में कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में सशस्त्र नक्सलवाद समाप्त होने के बाद अब नेताओं की सुरक्षा घटाई जा रही है। बस्तर संभाग के भाजपा और कांग्रेस से जुड़े 116 नेताओं की सुरक्षा श्रेणी में कटौती की जा रही है। कई नेताओं की सुरक्षा जेड-प्लस से जेड, वाई-प्लस से वाई और जेड से वाई श्रेणी में की जा रही है। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से जल्द ही आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा। इस मामले को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मार्च 2026 में सशस्त्र नक्सलवाद समाप्त होने ▶▶| शेष पेज 5 पर

अगले 6 माह में एक ग्रेड और कम होगी सुरक्षा : शर्मा



केदार कश्यप | महेश गागड़ा | दीपक बैज | कवासी लखमा

प्रोटेक्शन रिव्यू कमेटी करती है निर्णय, अभी आदेश नहीं मिला

वीवीआईपी व नेताओं की सुरक्षा का निर्णय समीक्षा उपरांत प्रोटेक्शन रिव्यू कमेटी लेती है। सुरक्षा के मापदंड के अनुरूप बल व सुरक्षा दी जाती है। अभी पुलिस मुख्यालय से कोई आदेश नहीं आया है। आदेश आते ही निर्देशानुसार सुरक्षा में कटौती की जाएगी।

- सुखनदंन राठौर
एएसपी, बस्तर

क्या होती हैं सुरक्षा श्रेणियां

देश में विशिष्ट जन सुरक्षा के अलग-अलग स्तर होते हैं, जिनमें सर्वोच्च स्तर की जेड-प्लस सुरक्षा में लगभग 55 या उससे अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं। इसमें 10 से 12 एनएसजी (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) या सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के कमांडो, स्थानीय पुलिस, उन्नत संचार उपकरण और बुलेटप्रूफ गाड़ियां मिलती हैं। इसके बाद जेड श्रेणी में करीब 22 सुरक्षाकर्मी शामिल होते हैं, जिसमें 4 से 6 एनएसजी कमांडो के साथ राज्य पुलिस, ▶▶| शेष पेज 5 पर

घटना हुई तो जिम्मेदार होगी सरकार : बैज

पीसीसी चीफ दीपक बैज का बयान सामने आया है। उन्होंने भाजपा पर अपने नेताओं को अतिरिक्त सुरक्षा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा कम कर रही है और भविष्य में कोई घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। क्योंकि प्रदेश में अभी नक्सलवाद पूरी तरह ▶▶| शेष पेज 5 पर



दोपहर 12:20 से 12:45 बजे के बीच शहर के ऊपर से गुजरेंगे

रायपुर के आसमां पर आज रोमांचक करतब दिखाएगी भारतीय वायुसेना 'सारंग' की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम रायपुरवासियों को आसमान में रोमांचक नजारे की झलक दिखाने जा रही है। कल 30 अक्टूबर, शुक्रवार को दोपहर 12:20 बजे से 12:45 बजे के बीच सारंग टीम के हेलीकॉप्टर रायपुर शहर के आसमान में उड़ान भरेंगे। इस दौरान शहरवासी अपने घरों की छतों से हेलीकॉप्टरों को आसमान में उड़ते हुए देख सकेंगे।

भारतीय वायुसेना की सारंग टीम अपने अद्भुत उड़ान कौशल, सटीक समन्वय और साहसिक हवाई प्रदर्शन के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। स्वदेशी ध्रुव हेलीकॉप्टरों से सुसज्जित यह टीम भारतीय वायुसेना के शौर्य, अनुशासन और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है।

रायपुरवासी अपने घरों की छतों से देख सकेंगे रोमांचक झलक



2 को एयर शो

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को नवा रायपुर के सेंध लेक क्षेत्र में सारंग हेलीकॉप्टर एयरोबेटिक डिस्प्ले टीम द्वारा एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले 30 अक्टूबर को रायपुर शहर के आसमान में सारंग हेलीकॉप्टरों की उड़ान शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

काकरोच पार्टी ने भी इंडिया ब्लाक के मार्च को दिया समर्थन

'पुलिस-लाठीचार्ज की चिंता नहीं करें, घबराने की जरूरत नहीं है'

राहुल का नया वीडियो- दिल्ली चलो मार्च में छात्र संगठनों से आने कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को छात्र संगठनों से भी 1 नवंबर के दिल्ली चलो मार्च में आने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर वीडियो जारी कर कहा कि पुलिस-लाठीचार्ज की चिंता नहीं करें। घबराने की जरूरत नहीं है। इस रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई। इसमें प्रियंका गांधी समेत गठबंधन के कई नेता पहुंचे। बता दें, इंडिया ब्लॉक और सीजेपी दोनों ही एसआईआर और वोटरों के नाम काटे जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।



ये किसी राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं : राहुल ने एक्स पर कहा कि यह किसी एक राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को बचाने का मार्च है। यह मार्च भारतीय संविधान और राष्ट्र की रक्षा के लिए है। एक नवंबर का मार्च लोकतंत्र बचाने, वोट चोरी रोकने और संविधान की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को लगता है कि देश के लोकतंत्र, संविधान, विचारों और अपनी बात रखने की आजादी पर हमला हो रहा है तो उसे इस मार्च में शामिल होना चाहिए।

पब्लिक महाभियोग कार्यक्रम भी

विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक शुक्रवार को ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में पब्लिक महाभियोग प्रोग्राम करेगा। इसमें राहुल गांधी समेत विपक्षी नेता शामिल होंगे। दूसरी जगह पर परमिशन नहीं मिलने के बाद अब यह कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे 10 राजाजी मार्ग पर होगा। ये कार्यक्रम विपक्ष की 1 नवंबर को रामलीला मैदान पर होने वाली रैली से पहले होगा। पब्लिक महाभियोग में जनता या राजनीतिक दल किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ विरोध जताते हैं। इसके जरिए उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जाते हैं और इस्तीफे की मांग करते हुए सार्वजनिक दबाव बनाया जाता है।

सीईसी ज्ञानेश के खिलाफ लगातार हो रहे हैं प्रदर्शन

इंडिया ब्लॉक के नेता एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 6 से 13 अक्टूबर के बीच 8 बार प्रदर्शन कर चुके हैं। कॉकरोच जनता पार्टी और लेफ्ट ने भी 10 अक्टूबर को इसी मुद्दे पर प्रदर्शन बुलाया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। इस दौरान शहर में बैरिकेडिंग की गई थी, 45 मेट्रो स्टेशन बंद रहे और 7 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

इंडिया ब्लॉक में शामिल हो सकती है सीजेपी, कार्यकर्ताओं से मांगा फीडबैक

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने इंडिया ब्लॉक की 1 नवंबर की रैली का समर्थन किया है। सीजेपी नेता आशुतोष रांका ने कहा कि पार्टी समर्थक रामलीला मैदान में होने वाली रैली में शामिल हो सकते हैं। सीजेपी ने इंडिया ब्लॉक में शामिल होने के संकेत भी दिए हैं। इस पर कार्यकर्ताओं से फीडबैक मांगा है।

वोट देने का अधिकार खतरे में चुप नहीं रह सकते : ममता



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में बदलाव और वोटों में कथित गड़बड़ी के खिलाफ विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब लोगों के वोट देने के अधिकार पर खतरा हो, तब चुप नहीं रहा जा सकता। बनर्जी ने सोशल मीडिया पर संदेश जारी कर कहा कि एक नवंबर को आईएनडीआईए रामलीला मैदान में एकजुट होगा। उन्होंने वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई को हर भारतीय के अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने के अधिकार की रक्षा से जोड़ा। ममता ने छात्रों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों से इस अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए साथ खड़ा होना चाहिए। उनके मुताबिक, बंगाल के साथ देश के दूसरे राज्यों में भी वोटों से जुड़ी शिकायतों पर जवाब मिलना चाहिए।

खबर संक्षेप

जामिया में अगले साल होंगे छात्र संघ चुनाव



नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र संघ चुनाव कराने की मांग मान ली है। रजिस्ट्रार कार्यालय ने गुरुवार देर रात को आदेश दिया है कि छात्र संघ के संविधान को मंजूरी दी जाए और 15 मई 2027 तक इसे लागू कर दिया जाए। आदेश में कहा गया है कि लिंगदोह समिति की गाइडलाइंस के अनुसार शैक्षणिक सत्र शुरू होने के 6 सप्ताह के भीतर चुनाव कराए जाएंगे। शैक्षणिक सत्र 15 जुलाई 2027 से शुरू हो सकता है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर बीते कई दिनों से छात्र धरना प्रदर्शन कर रहे थे।

एम्बुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर फटा, 10 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में गुरुवार को एक एंबुलेंस के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है, जिसे प्रसव के बाद की दिक्कतों के चलते अस्पताल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और आगे की पड़ताल जारी है। थारपारकर के सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस यानी एसएसपी आरिफ अजीज जाफरी ने बताया कि अब तक 10 मौतों की पुष्टि हो चुकी है।

'आरएसएस फ्रेंड्स' ने कराया अमेरिका में पंजीकरण

वाशिंगटन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्थकों के एक समूह ने अमेरिका में अपनी पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से अमेरिकी न्याय विभाग के पास संगठन के 'विदेशी एजेंट' के रूप में पंजीकरण कराया है। 'आरएसएस फ्रेंड्स' ने पंजीकरण दस्तावेज में जॉर्जिया का पता दिया है और 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, केशवकुंज, नयी दिल्ली' को अपना 'विदेशी प्रमुख संगठन' बताया है। 'आरएसएस फ्रेंड्स' ने 27 अगस्त को विदेशी एजेंट पंजीकरण अधिनियम के तहत अमेरिकी न्याय मंत्रालय में पंजीकरण कराया।

एथेनॉल आवंटन से जुड़े मामले की सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा सवाल

'100% एथेनॉल से चलने वाली गाड़ियों को मंजूरी मिली तो कैसे होगी ईंधन की सप्लाई?'

सुप्रीम कोर्ट ने 100 प्रतिशत एथेनॉल से चलने वाले वाहनों को मंजूरी देने के बाद ईंधन की उपलब्धता को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया है। अदालत ने पूछा कि यदि ई-100 ईंधन पर चलने वाली गाड़ियों को अनुमति दी जाती है, तो उनकी जरूरत पूरी करने के लिए एथेनॉल की सप्लाई कैसे इंतजाम की जाएगी? एथेनॉल आवंटन से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह सवाल किया।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने हाल में आई मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए पूछा कि जब 100 प्रतिशत एथेनॉल से चलने वाले वाहनों को अनुमति दी जा रही है, तो उनके लिए पर्याप्त ईंधन की आपूर्ति कैसे होगी? इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने अदालत को बताया कि इसके लिए बड़े पैमाने पर विनिर्माण व्यवस्था में बदलाव करने की जरूरत होगी। अदालत ने मामले की सुनवाई अगले महीने के लिए टाल दी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन की अधिसूचना जारी की थी। इसके तहत फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए ई-100 ईंधन को भी शामिल किया गया है। ई-100 लगभग शुद्ध एथेनॉल वाला ईंधन है, जिसका इस्तेमाल इसके अनुकूल बनाए गए वाहनों में किया जा सकता है।

इस मामले में अगली सुनवाई होगी अब अगले महीने



क्या है फ्लेक्स-फ्यूल वाहन?

फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ऐसे वाहन होते हैं, जिन्हें पेट्रोल और एथेनॉल के अलग-अलग अनुपात वाले मिश्रण पर चलने के लिए तैयार किया जाता है। ये E85 जैसे ईंधन पर भी चल सकते हैं, जिसमें 85 प्रतिशत एथेनॉल और 15 प्रतिशत पेट्रोल होता है। हालांकि, ई-100 को रेगुलेटरी अप्रूवल मिलने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के सभी पेट्रोल पंपों पर आसानी से मिलने लगेगा। इसके लिए उत्पादन, वितरण और ईंधन आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्था को भी विकसित करना होगा।

किसानों को सशक्त बनाने पर जोर

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे को केवल ईंधन की उपलब्धता तक सीमित रखकर नहीं देखा जाना चाहिए। इसमें व्यापक जनहित, पर्यावरण और किसानों के हितों को भी ध्यान में रखना जरूरी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश ने किसानों को सशक्त बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि देश की बड़ी आबादी, खासकर गांवों में रहने वाले आम लोगों के हितों पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने का पहलू ऐसा है, जिस पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो रही है। अटॉर्नी जनरल ने अदालत को आश्वासन दिया कि वह मामले में अपनी दलीलों के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दे पर भी बात करेंगे।

पहले यह कहा था सरकार ने

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 27 अक्टूबर को कहा था कि केंद्र सरकार की फिलहाल पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मात्रा मौजूदा 20 प्रतिशत से आगे बढ़ाने की तत्काल कोई योजना नहीं है। भारत में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल मिलाया जाता है। इसका उद्देश्य पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता कम करना, आयात पर होने वाले खर्च को घटाना और घरेलू स्तर पर उत्पादित एथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। ऐसे में ई-100 वाहनों के लिए अनुमति और पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मौजूदा नीति के बीच तालमेल, ईंधन की उपलब्धता और उत्पादन क्षमता जैसे सवाल महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

'आदेश लागू नहीं हुए तो हर साल निर्देश देना मजाक बन जाएगा'

सुप्रीम कोर्ट बोला- हम पटाखों पर पूरे बैन के पक्ष में नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने अधिकारियों से आदेशों को जमीन पर लागू करने को कहा। दिल्ली-एनसीआर में पटाखे जलाने से जुड़े मामले की सुनवाई जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दिल्ली सरकार और कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) की ओर से प्रदूषण रोकने के उपाय बताए। बेंच ने कहा, 'जमीन पर लागू किए बिना आदेश और निर्देश देने का कोई मतलब नहीं है। ऐसा नहीं हुआ तो यह मजाक बन जाएगा।'

'साजिश के तहत गिराई गई थी पड़ोसी बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार'

मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम का सनसनीखेज दावा

तख्तापलट से 2 दिन पहले यूनुस छात्रों से मिले, विदेशी पत्रकार ने कराई मीटिंग

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। आलम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छात्रों ने यूनुस से संपर्क करने में फ्रांस की न्यूज एजेंसी एएफपी के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर की मदद ली थी। छात्र चाहते थे कि नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार चलाएं। 5 अगस्त 2024 को हसीना ने बांग्लादेश छोड़ा था। इसके दो दिन पहले ही यूनुस और छात्रों के बीच बातचीत हुई थी।



सुरक्षा एजेंसियों को बातचीत की जानकारी ही नहीं थी

शफीकुल आलम के मुताबिक, छात्र नेताओं को यूनुस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक भरोसेमंद व्यक्ति की जरूरत थी। ऐसे में कादरुद्दीन शिशिर ने दोनों पक्षों के बीच संपर्क कराने में मदद की। आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी। अगर अधिकारियों को इसका पता चल जाता तो शिशिर और एएफपी की पूरी टीम को खतरा हो सकता था। आलम ने बातचीत का पूरा ब्योरा नहीं दिया।

ऐसे शुरू हुआ था आंदोलन

बांग्लादेश में 2024 में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ छात्र आंदोलन शुरू हुआ था। वहां सरकारी नौकरियों में 1971 के मुक्ति संग्राम में लड़ने वालों के परिवारों के लिए 30% तक सीटें आरक्षित थीं। छात्रों का कहना था कि इससे आम युवाओं के लिए सरकारी नौकरी पाने के मौके कम हो रहे हैं। वे चाहते थे कि भर्ती में परीक्षा और योग्यता के आधार पर ज्यादा नौकरियां मिलें। इसी मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन धीरे-धीरे सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में बदल गया। सरकार की कार्रवाई में बड़ी संख्या में लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र के आकलन के मुताबिक, जुलाई और अगस्त 2024 के दौरान करीब 1,400 लोगों की मौत हुई।

इजराइल चुनाव

नेतन्याहू का अरब दलों के साथ सहयोग से इंकार

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को अरब नेतृत्व वाले दलों पर चुनाव में धांधली के आरोप दोहराते हुए विदेशी हस्तक्षेप का संदेह जताया और पुलिस तथा देश की शीर्ष आंतरिक सुरक्षा एजेंसी से तत्काल जांच की मांग की। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में केंद्रीय निर्वाचन समिति (सीईसी) के प्रमुख न्यायमूर्ति नोआम सोलबर्ग के उस फैसले का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने मंगलवार को हुए चुनाव में विदेशी वित्तपोषण और अनुचित प्रभाव के संदेह की जांच करने के लिए खुफिया एजेंसी शिन बेट प्रमुख डेविड जिनी से आग्रह किया था।

खास बातें

- किसी भी पार्टी को नहीं मिला है स्पष्ट बहुमत
- चुनाव में धांधली के आरोप दोहराये बेंजामिन ने



यह लगाए आरोप

नेतन्याहू ने अरब नेतृत्व वाले दलों और विपक्षी गठबंधन को निशाना बनाते हुए लिखा, 'उन्होंने इजराइल में चुनाव चुरा लिया।' नेतन्याहू ने आरोप लगाया कि विदेशी संस्थाओं ने मंगलवार को हुए संसदीय चुनाव में हस्तक्षेप किया और अरब नेतृत्व वाले दलों के पक्ष में मतदाताओं को रिश्वत दी। नेतन्याहू ने कहा कि किसी भी यहूदी दल को अरब नेतृत्व वाले दलों के साथ सहयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नेसेट के नेतृत्व में बदलाव और ऐसी सरकार के गठन के लिए नकदी देकर वोट खरीदे गए, जो इजराइल के लिए खतरा पैदा कर सकती है।

इतनी सीटें मिलने का अनुमान

ये आरोप ऐसे चुनाव के बीच लगाए गए हैं, जिसमें 120 सदस्यीय नेसेट (संसद) में किसी भी गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। न तो नेतन्याहू के गठबंधन और न ही पूर्व सैन्य प्रमुख गादी आइजेनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को। मतगणना के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, नेतन्याहू के खेमे को 53, जबकि आइजेनकोट नीत गठबंधन को 48 सीटें मिलने का अनुमान है। अरब नेतृत्व वाले दलों को 19 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया। नेसेट में बहुमत के लिए 61 सीटों की जरूरत होती है।

स्पेन में सरकार के खिलाफ फूटा गुस्सा

पुलिसकर्मियों पर फेंकी बोतलें, रेल हादसे के बाद सड़कों पर उतरे लोग



मैड्रिड। स्पेन में बुधवार को हुए दर्दनाक रेल हादसे से लोगों का गुस्सा सरकार के खिलाफ फूट गया है। हादसे के बाद गुरुवार को हजारों लोग प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज और परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए। स्पेनिश न्यूज चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, रात भर में स्पेन की राजधानी मैड्रिड में परिवहन मंत्रालय की इमारत के बाहर करीब 1,500 लोग जमा हो गए और मंत्रियों को पद से हटाने की मांग करने लगे। खबरों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर बोतलें और फ्लेयर्स (आतिशबाजी) फेंके, जिसके जवाब में पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। फिलहाल, किसी के घायल होने या किसी की गिरफ्तारी की कोई खबर नहीं है।

हादसे की वजह

बता दें, बुधवार 28 अक्टूबर को दो हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर से 68 लोगों की मौत हो गई थी। माना जा रहा है गलत सिग्नल देने के चलते यह यूरोप के आधुनिक इतिहास का यह सबसे भीषण रेल दुर्घटना हुई है। इसके पहले भी स्पेन में 9 महीने पहले भी हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर हुई थी, जिसमें 46 लोगों की मौत हुई थी। स्पेन में हो रहे प्रदर्शनों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें देखी जा सकती हैं। प्रदर्शनकारी इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि प्रशासन ने इस हादसे को कैसे संभाला।

एमएलसी चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा-शिवसेना में खटपट

भाजपा ने हार के लिए ठहराया शिंदे सेना को जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

4 राज्यों की 28 एमएलसी सीटों के चुनावी नतीजों के बाद सियासी घमासान जारी है। महाराष्ट्र की 5 सीटों के लिए हुए मतदान के नतीजे फाइनल हो गए हैं। 3 में से 1 सीट ही भाजपा जीत पाई। इसमें से 2 सीटें शरद पवार गुट को मिली हैं। भाजपा ने पुणे स्नातक, पुणे शिक्षक और नागपुर स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इनमें से दो पर भाजपा उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा है। संभाजीनगर स्नातक और पुणे स्नातक की सीट पर शरद पवार गुट के उम्मीदवार ने भाजपा-शिंदे गठबंधन के उम्मीदवार को हरा दिया है। इसको लेकर भाजपा और शिंदे गुट की शिवसेना के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। भाजपा की ओर से हार के लिए शिवसेना को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद शिवसेना ने पलटवार किया है। पार्टी प्रवक्ता आनंद परांजपे ने कहा है कि भाजपा को किसी बाहरी व्यक्ति के बजाय अपने कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाना चाहिए था। उन्होंने दावा किया कि पुणे स्नातक सीट पर भाजपा के अपने ही कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने ही उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया।

एक दूसरे पर आरोप, प्रत्यारोप लगा रहे हैं दोनों पार्टी के नेता



'पुणे की एक सीट शिवसेना मांग रही थी'

शिवसेना प्रवक्ता ने कहा कि पुणे स्नातक सीट पर उनकी पार्टी शुरुआत से ही चुनाव लड़ने की मांग कर रही थी, लेकिन जब पुणे के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा का विधान परिषद सदस्य नहीं है तो दोनों सीटों पर अकेले दावा करने के फैसले पर विचार क्यों नहीं किया गया?

'शिंदे गुट ने नहीं निभाया गठबंधन का धर्म : भाजपा

भाजपा के प्रवक्ता नवनाथ बन ने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने गठबंधन का धर्म नहीं निभाया इस कारण हार का सामना करना पड़ा है। नवनाथ ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में पुणे और नागपुर जैसी महत्वपूर्ण सीटों पर सहयोगी पार्टी शिवसेना ने उस तरह से सहयोग नहीं दिया जैसी की उम्मीद थी।' महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने कहा, 'महायुति के तौर पर एक साथ लड़ना चाहिए था। एक साथ की ताकत से ही जीते थे ना विधानसभा चुनाव. एक हैं तो सेफ हैं, कटोगे तो बटोगे यह महायुति में भी लागू होता है। फेविकोल की तरह महायुति को जुड़े रहना होगा।'

रूस ने किया ड्रोन अटैक

यूक्रेन के रेलवे स्टेशन पर हमला, 14 लोगों की मौत

कीव। यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहर में गुरुवार सुबह रूसी ड्रोन ने रेलवे स्टेशन पर हमला किया। अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। शहर के मेयर बोरिस फिलातोव ने कहा कि ड्रोन ने यात्रियों को ले जाने वाली इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को भयावह बताया। उन्होंने रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि ऐसे हमलों को रोका जा सके। यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी के मुताबिक, ड्रोन ने उस प्लेटफॉर्म को निशाना बनाया, जहां निप्रो से जापोरिजिया जाने वाली ट्रेन नंबर 866 खड़ी थी। ट्रेन रवाना होने की तैयारी में थी। रेलवे कंपनी ने बताया कि खतरे को लेकर चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन इसके बावजूद प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



रायपुर
शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026
कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी
वर्ष : 25, अंक : 101
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 24.0
न्यून. 19.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03 यह शर्मिंदगी हमेशा मेरे साथ रहेगी



विचार पेज
02 अब जीएसटी सुधारों का नया दौर



इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बन रहे 200 पगमार्क इम्प्रेशन पैड

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में पगमार्क बताएंगे जंगल में किसका राज!

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

घने जंगलों के बीच वन्यजीवों की मौजूदगी का पता लगाना अब पहले से आसान होगा। जंगल में बाघ कहां से गुजर रहा है, तेंदुए की आवाजाही किन रास्तों पर है और वन्यजीव पानी व भोजन की तलाश में किस दिशा में बढ़ रहे हैं, इन सवालों के जवाब तलाशने के लिए इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में पगमार्क इम्प्रेशन पैड (पीआईपी) तैयार किए जा रहे हैं। रिजर्व में लगभग 200 ऐसे पैड बनाने ▶▶|शेष पेज 5 पर

अलग खबर

नरम रेत पर उभरेंगे वन्यजीवों के साथ शिकारियों के भी पगमार्क

एक इंच मिट्टी हटेगी, रेत खोलेगी जंगल के राज

पीआईपी तैयार करने के लिए जंगल की पगडंडियों और वन्यजीवों के गुजरने वाले रास्तों पर ऊपरी सख्त मिट्टी को लगभग एक इंच तक हटाया जाता है। फिर वहां बारीक, छनी हुई रेत या नरम मिट्टी बिछाई जाती है। इस तरह तैयार सतह पर जैसे ही कोई वन्यजीव गुजरता है, उसके पैरों के निशान उभर आते हैं।

- 133 बीट में वन्यजीवों की मौजूदगी पर रहेगी नजर
- संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा और गश्त मजबूत करने में मिलेगी मदद



आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व तेलंगाना की सीमा से लगा है रिजर्व

बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती टाइगर रिजर्व छत्तीसगढ़ के प्रमुख वन्यजीव क्षेत्रों में शामिल है। आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना की सीमाओं से लगे इस क्षेत्र में घने जंगल और विविध प्राकृतिक आवास हैं। यहां बाघ, तेंदुआ, वनभैंसा, भालू, चीतल, सांभर, गौर, जंगली सूअर और ऊदबिलाव सहित अनेक वन्यजीव पाए जाते हैं। विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों और छोटे जीवों के लिए भी यह वन क्षेत्र महत्वपूर्ण आश्रयस्थल है।

जहां बाघ के निशान, वहां बढ़ेगी निगरानी

इंद्रावती टाइगर रिजर्व जैसे विस्तृत और घने वन क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए उनकी गतिविधियों की जानकारी बेहद अहम है। जिन इलाकों में बाघ या तेंदुए जैसे बड़े शिकारी वन्यजीवों के पगमार्क मिलते हैं, वहां गश्त और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की रणनीति बनाई जा सकती है। इससे संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने और वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। पीआईपी के जरिए केवल बड़े शिकारी ही नहीं, बल्कि चीतल, सांभर, गौर और अन्य वन्यजीवों की आवाजाही के संकेत भी मिल सकते हैं। इससे जंगल के अलग-अलग हिस्सों में वन्यजीवों की मौजूदगी को समझने में मदद मिलेगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

पीएम मोदी आज किसानों को देंगे 24वीं किस्त

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री अपने गुजरात प्रवास के दौरान ही 'पीएम-किसान' योजना के तहत 19,000 करोड़ रुपए की 24वीं किस्त जारी करेंगे और दो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।



कर्नाटक में दूध की कीमतों में आठ रुपए की बढ़ोतरी

बेंगलुरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने नंदिनी ब्रांड के दूध की कीमतों में आठ रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया। मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई कीमत में से सात रुपये किसानों को और एक रुपया दुग्ध सहकारी समितियों को मिलेगा। कीमतों में यह बढ़ोतरी एक नवंबर से लागू होगी। गौड़ा ने कहा,सभी दलों के सदस्यों ने उनकी मदद के लिए कदम उठाने की मांग की थी।

राष्ट्रीय वाद नीति की समीक्षा करेगी संसदीय समिति

नई दिल्ली। संसद की एक समिति ने 'राष्ट्रीय वाद नीति' के निर्माण और क्रियान्वयन की समीक्षा करने का फैसला किया है, जबकि सरकार इस योजना को पहले ही खारिज कर चुकी है। सरकार ने पिछले साल केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मुकदमों की संख्या कम करने के लिए निर्देश जारी किए थे।



आजम खान को दो पैन कार्ड मामले में जमानत

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फर्जी पासपोर्ट और दो पैन कार्ड रखने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को गुरुवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने रामपुर की अदालत के निर्णय के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश पारित किया। हालांकि, जमानत देते समय अदालत ने इस मामले में सजा पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। रामपुर की जिला अदालत ने इस मामले में आजम खान को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी और जुर्माना लगाया था।

10 माह में 800 करोड़ ले उड़े साइबर ठग, कोर्ट ने कहा-जांच से ज्यादा लूट रोकने का सिस्टम जरूरी

डिजिटल ठगी में बैंक की लापरवाही से रकम गंवाने वाले ग्राहकों को अब मुआवजा दिलाने की तैयारी है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बैंक की चूक से ठगी होने पर पीड़ित को कम-से-कम पूरी गंवाई गई रकम के बराबर मुआवजा मिलना चाहिए। अदालत ने दो टूक कहा कि रकम लुटने के बाद जांच नहीं, बल्कि ठगी रोकने की व्यवस्था जरूरी है। इसके लिए संदिग्ध लेनदेन पर निगरानी और लापरवाह बैंकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के प्रावधान करने पर जोर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि साइबर अपराध के मामलों में 50 प्रतिशत की कमी आने के बावजूद इस साल अब तक लोगों को करीब 800 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। पीठ ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रस्तावित नियामकीय ढांचे में मुआवजे, धोखाधड़ी की रोकथाम और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही के स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए। अदालत आरबीआई के प्रस्तावित 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) संशोधन निर्देश, 2026 की पहले समीक्षा करेगी। इन निर्देशों को 30 नवंबर तक अधिसूचित करने और 31 दिसंबर तक लागू करने का प्रस्ताव है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, आरबीआई ▶▶|शेष पेज 5 पर

- संदिग्ध लेनदेन रोकने में एआई के इस्तेमाल की दी सलाह

सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख, बैंक की लापरवाही से साइबर ठगी हुई तो अब लौटानी होगी पूरी रकम

कोई गिरफ्तार कैसे हो सकता है?

सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने सवाल उठाया कि लोग कैसे मान लेते हैं कि उन्हें मोबाइल फोन के जरिए गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लगातार जागरूकता फैलाए जाने के बावजूद लोग इस तरह की ठगी को समझ क्यों नहीं पा रहे हैं। इस मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की तीन सदस्यीय बेंच कर रही थी। कोर्ट को बताया गया कि हाल ही में एक महिला डिजिटल अरेस्ट स्कैम में 2.5 करोड़ रुपए गंवा बैठी।



संदिग्ध लेन-देन को तुरंत रोकने की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने बैंकों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर किसी खाते से ऐसा लेन-देन होता है, जो खाताधारक के पुराने लेन-देन से बिल्कुल अलग है, तो बैंक उसे तुरंत रोककर उसकी जांच क्यों नहीं कर सकते? कोर्ट ने कहा कि ठगी होने के बाद केवल रिपोर्ट तैयार करना काफी नहीं है। जरूरी है कि ऐसी घटनाओं को पहले ही रोका जाए।

पैसे भेजने से पहले जांच हो, पुलिस को भी मिले सूचना

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संदिग्ध लेन-देन की जानकारी संबंधित पुलिस स्टेशन को दी जानी चाहिए। साथ ही, पैसे भेजने से पहले लेन-देन की वास्तविकता की जांच की जानी चाहिए। कोर्ट का जोर इस बात पर रहा कि बैंक और संबंधित वित्तीय संस्थान संदिग्ध गतिविधियों को नजरअंदाज न करें। समय रहते जांच और कार्रवाई होने से साइबर ठगी को रोका जा सकता है और पीड़ितों को होने वाले बड़े आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है।

राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश

पीठ ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की एजेंसियों को डिजिटल अरेस्ट के मामलों में दर्ज प्राथमिकी और जांच का ब्योरा देने तथा ऐसे अपराधों की रोकथाम के सुझाव देने का भी निर्देश दिया। इस बीच, त्वरित संदेश मंच व्हाट्सऐप की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि मंच अब तक 9,400 संदिग्ध खातों के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है। उन्होंने कहा कि कंपनी संदिग्ध खातों की पहचान करने और उपयोगकर्ताओं को सतर्क करने के लिए सॉफ्टवेयर विकसित कर रही है। सुप्रीम कोर्ट 'फर्जी दस्तावेजों से जुड़े डिजिटल अरेस्ट के पीड़ितों के संबंध में' स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है।

कांग्रेस का आज 'जन महाभियोग'

खड़गे प्रस्ताव पेश करेंगे राहुल देंगे समापन भाषण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार 30 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के 'जन महाभियोग' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस कार्यक्रम की कार्यवाही की शुरुआत करते हुए 'प्रस्ताव' पेश करेंगे और इसे पारित किए जाने से पहले पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समापन भाषण देंगे।

ज्ञानेश के खिलाफ विरोध

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा कि कथित 'वोट चोरी' और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का विरोध जारी रहेगा। सभी विपक्षी दल इसका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा विरोध 'वोट चोरी' और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा आयोग में किए गए कृत्यों के खिलाफ है। हम इसे जारी रखेंगे और सभी दल हमारा समर्थन कर रहे हैं।

मीरा कुमार करेंगी अध्यक्षता

सूत्रों ने बताया कि मीरा कुमार मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'इंडिया' गठबंधन के 'जन महाभियोग' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। खरगे ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 'महाभियोग प्रस्ताव' पेश करेंगे, जबकि प्रस्ताव पारित किए जाने से पहले राहुल गांधी समापन भाषण देंगे।

अगले सत्र से 10वीं के छात्र नहीं पढ़ेंगे पर्यावरण शिक्षा अनिवार्य रहेंगे 5 विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों की विषय योजना में बदलाव किया है। इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2027-28 में 10वीं में पहुंचने वाले विद्यार्थियों को अब पर्यावरण शिक्षा नहीं पढ़नी होगी। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 9वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम से इंडिविजुअल्स इन सोसाइटी विषय और माड्यूल आफ कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी हटा दिए गए हैं। बोर्ड ने ये बदलाव अंतरविषयी क्षेत्र को लागू करने की निर्धारित समय-सारणी ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर



22 विषयों में से चुन सकेंगे विकल्प

विद्यार्थी वैकल्पिक उन्नत गणित, उन्नत विज्ञान या व्यावसायिक शिक्षा के तहत 22 कौशल विषयों में से किसी एक को चुन सकते हैं। इन वैकल्पिक विषयों में परीक्षा और मूल्यांकन की व्यवस्था विद्यार्थी के चुने गए विषय के अनुसार होगी। सीबीएसई ने व्यावसायिक यानी कौशल शिक्षा को अनिवार्य रखा है। इसके लिए विद्यार्थी कौशल विकास विषय या बोर्ड की ओर से अधिसूचित 22 विषयों में से किसी एक का चयन कर सकेंगे। ▶▶|शेष पेज 5 पर

बदल सकेंगे अनुत्तीर्ण विषय

सीबीएसई ने 10वीं के परिणाम के लिए विषय प्रतिस्थापन का प्रविधान भी स्पष्ट किया है। यदि विद्यार्थी तीन विषयों गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में से किसी एक में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, लेकिन चुने गए कौशल विषय में उत्तीर्ण हो जाता है, तो नियमानुसार कौशल विषय से उस विषय को बदला जा सकता है। हालांकि, यह सुविधा कौशल विकास विषय चुनने वाले विद्यार्थियों को नहीं मिलेगी। इसी तरह, यदि विद्यार्थी पहली या दूसरी भाषा में से किसी एक में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं कर पाता है, लेकिन वैकल्पिक भाषा में उत्तीर्ण हो जाता है, तो निर्धारित शर्तों के तहत वैकल्पिक भाषा से उस विषय को बदलने का प्रविधान है।

राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों का महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीपावली से पहले प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता, डीए और महंगाई राहत, डीआर में 2 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसके तहत 1 नवंबर 2026 से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की दर 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो ▶▶|शेष पेज 5 पर



- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीपावली से पहले लिया निर्णय
- 3.85 लाख कर्मचारी और 1.50 लाख पेंशनर होंगे लाभान्वित

हावड़ा में मिला छपाई का सामान

20 लाख के नकली नोट बरामद बंडल में बैंक का फर्जी लेबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोलकाता

कोलकाता में नकली करेंसी का मामला सामने आया है। कोलकाता पुलिस ने बड़ाबाजार इलाके में नकली नोटों जैसी गड्डियां ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से ऐसी चार गड्डियां बरामद कीं, जिनकी कीमत 20 लाख रुपए बताई गई थी। इन गड्डियों पर आईसीआईसी बैंक के फर्जी लेबल भी लगाए गए थे।



हर गड्डी में पांच लाख रुपए

बरामद गड्डियों पर लगाए गए लेबल में प्रत्येक गड्डी की कीमत पांच लाख रुपए बताई गई थी। इस हिसाब से चारों गड्डियों की कुल कीमत 20 लाख रुपए दिखाई गई थी।

बड़ी नोटों की गड्डियां

पुलिस के मुताबिक, बरामद की गई चारों गड्डियों को इस तरह तैयार किया गया था कि वे देखने में बड़ी रकम के नोटों की गड्डियों जैसी लगें। प्रत्येक गड्डी में सबसे ऊपर और सबसे नीचे 500 रुपए के असली नोट लगाए गए थे। इनके बीच करेंसी नोटों के आकार में काटे गए 998-998 सादे सफेद कागज रखे गए थे।

प्रगति पहल- देश के 50 शहरों में छत्तीसगढ़ के ये शहर चुने गए

सफाई के मॉडल बनेंगे देश के 50 शहर इनमें छग के रायपुर और बिलासपुर भी

सात दिन में टीम गठन, 30 दिन में बनानी होगी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर को स्वच्छता के मामले में मॉडल शहर बनाने की तैयारी है। केंद्र सरकार ने देश के 24 राज्यों के 50 शहरों को प्रगति-50 पहल के लिए चुना है। इनमें छत्तीसगढ़ के दोनों नगर निगम शामिल हैं। इन शहरों में सफाई, कचरा प्रबंधन, शौचालयों की व्यवस्था और इस्तेमाल किए गए पानी के प्रबंधन में सुधार के लिए 48 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक ▶▶|शेष पेज 5 पर

खास खबर



छह महीने में घर-घर कचरा संग्रहण का लक्ष्य

प्रगति-50 के तहत दोनों शहरों में छह महीने के भीतर घर-घर कचरा संग्रहण की 100 प्रतिशत कवरेज हासिल करनी होगी। घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और बड़े कचरा उत्पादकों के स्तर पर कचरे को अलग-अलग रखने की व्यवस्था को भी ▶▶|शेष पेज 5 पर

शौचालयों और सीवेज प्रबंधन में भी सुधार

कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की कार्यशीलता, सफाई और सुरक्षित अपशिष्ट निपटान पर ध्यान देना होगा। नालों की सफाई, सीवर और सेप्टिक टैंकों की यांत्रिक सफाई तथा इस्तेमाल किए गए पानी के उपचार की व्यवस्था भी निगरानी के दायरे में रहेगी। इसके अलावा, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता पर होने वाले खर्च की भरपाई के लिए यूजर चार्ज वसूली बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मद में खर्च की वसूली का लक्ष्य पहले छह महीने में 15 प्रतिशत से अधिक, छह से 12 महीने में 20 प्रतिशत से अधिक और 12 से 24 महीने में 35 प्रतिशत से अधिक रखा गया है। कार्ययोजना केवल नगर निगम की सीमा तक सीमित नहीं रहेगी। निर्देशों में रेलवे कॉलोनियों, औद्योगिक क्षेत्रों और अन्य संबंधित संस्थाओं के क्षेत्रों को भी 'समग्र शहर' के दृष्टिकोण के तहत शामिल करने को कहा गया है।

चिंतन

ठगी मामलों में जिम्मेदारी से नहीं बच सकते बैंक

डिजिटल बैंकिंग ने लेन-देन को जितना आसान बनाया है, साइबर अपराधियों ने भी उसी रफ्तार से लोगों की जमा-पूंजी पर सेंध लगाने के तरीके खोज लिए हैं। मोबाइल की एक घंटी, वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी और गिरफ्तारी का डर दिखाकर लोगों को उनकी जीवनभर की कमाई से वंचित किया जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी अब केवल साइबर अपराध की समस्या नहीं, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा और जवाबदेही की भी गंभीर परीक्षा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए बैंकों की जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उनकी लापरवाही से ठगी होती है तो उन्हें पीड़ितों को हर्जाना देना चाहिए। यह टिप्पणी बैंकिंग प्रणाली को उसकी बुनियादी जिम्मेदारी याद दिलाती है। ग्राहकों के धन की सुरक्षा केवल खाताधारक की सतर्कता पर नहीं छोड़ी जा सकती। आंकड़े समस्या की गंभीरता को रेखांकित करते हैं। वर्ष 2026 में अब तक डिजिटल अरेस्ट के 22 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। वर्ष 2025 में ऐसे 58,239 मामलों में लगभग 1,211 करोड़ रुपये गंवाए गए। ये आंकड़े बताते हैं कि जागरूकता अभियान और लगातार सामने आ रही खबरों के बावजूद अपराधियों का जाल कमजोर नहीं पड़ा। सवाल यह है कि जब डिजिटल लेन-देन का पूरा तंत्र बैंकों की निगरानी में संचालित होता है, तब असामान्य और संदिग्ध लेन-देन को समय रहते पकड़ने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है? कोई खाताधारक अचानक अपनी जमा-पूंजी कुछ ही मिनटों में दूसरे खातों में भेजने लगे, किसी खाते में असामान्य रकम आने और तत्काल आगे हस्तांतरित होने का सिलसिला शुरू हो जाए या किसी खाते का इस्तेमाल लगातार संदिग्ध लेन-देन के लिए हो, तो बैंकिंग प्रणाली को सतर्क होना चाहिए। बैंक अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। असामान्य लेन-देन पर तत्काल अतिरिक्त सत्यापन, ग्राहक से स्वतंत्र माध्यम से संपर्क, संदिग्ध खातों की त्वरित जांच और ठगी की आशंका होने पर धन हस्तांतरण को अस्थायी रूप से रोकने की प्रभावी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। ऐसे मामलों में पुलिस, साइबर अपराध इकाइयों, बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं के बीच तत्काल सूचना साझा करने का तंत्र भी जरूरी है। बैंकों की जवाबदेही तय करने के मामले में भी स्पष्ट नियम जरूरी हैं। यदि जांच में साबित हो कि बैंक ने निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, संदिग्ध गतिविधियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की या शिकायत मिलने के बाद धन रोकने में अनुचित देरी की, तो पीड़ित को मुआवजा दिया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को इस दिशा में ठोस नियम बनाने चाहिए, ताकि ग्राहकों को मुआवजे के लिए भटकना न पड़े। दूसरी ओर, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर भयभीत किए जा रहे लोगों को यह समझाना भी जरूरी है कि पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियां वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करतीं और न ही गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी खाते में रकम जमा कराने की वैध प्रक्रिया है। अपराधी सरकारी प्रतीकों, फर्जी पहचान और मनोवैज्ञानिक दबाव का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में लोगों को अनजान वीडियो कॉल पर भरोसा नहीं करना चाहिए, न ही ओटीपी, बैंक विवरण या गोपनीय जानकारी साझा करनी चाहिए। यदि ग्राहक को यह आशंका रहने लगे कि उसकी जीवनभर की कमाई कुछ मिनटों में गायब हो सकती है और उसके बाद उसे केवल शिकायतों के चक्कर लगाने पड़ेंगे, तो डिजिटल बैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होगी।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अब जीएसटी सुधारों का नया दौर

> एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है।

एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नई दिल्ली में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों ने कर व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी, नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-सुगम बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

देव ने कहा कि देश को उत्पादों की प्रतिस्पर्धी क्षमता और गुणवत्ता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, /"इन उद्योगों को दिया जाने वाला समर्थन अच्छी तरह तैयार किया जाना चाहिए, स्पष्ट लक्ष्यों से जुड़ा होना चाहिए और इसकी नियमित समीक्षा होनी चाहिए, ताकि सार्वजनिक संसाधनों का अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।/"देव ने कहा कि भारत में औद्योगीकरण के रास्ते में भूमि की उपलब्धता बड़ी बाधाओं में से एक है।



बैंक कर्ज महंगा होने से कंपनियां बॉण्ड बाजार को दे रही तरजीह

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बेहतर साख वाली कंपनियां बैंकों की तुलना में अपेक्षाकृत कम लागत पर धन जुटाने के लिए तेजी से बॉण्ड बाजार का रुख कर रही हैं। जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, एएए रेटिंग वाली कंपनियों ने अक्टूबर में अबतक 8.13 प्रतिशत से 8.85 प्रतिशत तक की ब्याज दर पर पैसा जुटाया है। ये बॉण्ड इस महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के तुरंत बाद आए। इस समीक्षा में केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की थी और मौद्रिक नीति के रुख को भी मौ'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्ती' वाला कर दिया था। विशेषज्ञों ने कहा कि बॉण्ड के जरिये कर्ज लेना बाहरी मानकों से जुड़ी ब्याज दरों वाले बैंक ऋण की तुलना में सस्ता हो सकता है। इसकी वजह यह है कि बैंक ऋण में मानक उधारी दर के ऊपर अतिरिक्त प्रीमियम भी लिए जाते हैं।

बिजनेस साइट

बिहार में 600 करोड़ रुपए का निवेश करेगा एबिस



बिहार। एबिस कंपनी बिहार में करीब 600 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी यह निवेश प्रोसेसिंग, हैचरी और फीड निर्माण के क्षेत्र में करेगी। इस संबंध में बिहार सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रस्तावित निवेश से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह कार्यक्रम बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी ग्लोबल लिमिटेड (बीआईएमसीजीएल) के शुभारंभ और 'बिहार बिजनेस कनेक्ट 2027' के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम 'बिहार है तैयार' रखी गई थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में निवेश आकर्षित करने, औद्योगिक विकास को गति देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई। वहीं, एबिस के एमडी बहादुर अली ने बिहार सरकार की पहल की सराहना करते हुए इसे 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के अनुरूप बताया। कंपनी की ओर से पोल्ट्री डिवीजन के प्रमुख सौरभ नागपाल ने प्रतिनिधित्व किया।

यूनिवर्सल सर्विसेज में एक्सचेंज धमाका ऑफर



रायपुर। त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज की खरीदारी को किफायती बनाने के लिए यूनिवर्सल सर्विसेज ने ग्राहकों के लिए एक्सचेंज धमाका ऑफर पेश किया है। इस ऑफर के तहत एलईडी टीवी, क्यूएलईडी टीवी, एयर कंडीशनर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर और वैक्यूम क्लीनर सहित कई उत्पाद आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध हैं। ग्राहकों को चुनिंदा उत्पादों पर एक्सचेंज लाभ, क्रेडिट कार्ड कैशबैक और ईएमआई की सुविधा भी दी जा रही है। ऑफर के तहत 85 इंच क्यूएलईडी टीवी 99,990 रुपए, 75 इंच एलईडी टीवी 64,900 रुपए और 65 इंच 4के टीवी 44,900 रुपए में उपलब्ध है। वहीं, 1.5 टन कॉपर एसी की शुरुआती कीमत 24,500 रुपए रखी गई है। फ्रिज 20,900 रुपए और वॉशिंग मशीन 7,500 रुपए से उपलब्ध हैं। यूनिवर्सल सर्विसेज के इस अभियान में पुराने उत्पादों के बदले एक्सचेंज लाभ के साथ चुनिंदा खरीदारी पर उपहार और कॉर्पोरेट गिफ्टिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

आईओएन-ग्रीन ने लांच किया हाइब्रिड सोलर सिस्टम

रायपुर। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आईओएन-ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने 3 किलोवाट से 5 मेगावाट तक की क्षमता वाला हाइब्रिड सोलर और बैटरी स्टोरेज सिस्टम लांच किया है। कंपनी के अनुसार, यह सिस्टम घरों, छोटे व्यवसायों, कृषि फार्म और बड़े औद्योगिक संयंत्रों के लिए उपयोगी होगा। इससे बिजली बिल में 40 से 60 प्रतिशत तक बचत हो सकती है। **रात में भी मिलेगी बिजली**-कंपनी के मुताबिक, इस सिस्टम में सोलर पैनल के साथ लिथियम आयरन फॉस्फेट बैटरी और स्मार्ट बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। यह दिन में सौर ऊर्जा को स्टोर कर रात में भी बिजली उपलब्ध कराने में मदद करेगा। सिस्टम को ऑन-ग्रिड, ऑफ-ग्रिड और हाइब्रिड मोड में संचालित किया जा सकता है। कंपनी का दावा है कि इस उत्पाद को पूरी तरह छत्तीसगढ़ में डिजाइन और निर्मित किया गया है। बैटरी में 8,000 से अधिक चार्जिंग साइकल की क्षमता बताई गई है।

वीबी टावर फेज-2 की लॉन्चिंग 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

36 महीने के पेमेंट प्लान की सुविधा

वीबी टावर फेज-1 की सफलता के बाद विश्व भारती ग्रुप वी टावर फेज-2 लॉन्च करने जा रहा है। इसमें ग्राहक प्रीमियम कमर्शियल ऑफिस और स्टूडियो अपार्टमेंट बुक कर सकेंगे। प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग के अवसर पर 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को विशेष इवेंट आयोजित किया जाएगा। फेज-2 में ग्राहकों को 36 महीने के पेमेंट प्लान की सुविधा मिलेगी।

- मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा देंगे रियल एस्टेट निवेश के टिप्स

इवेंट का मुख्य आकर्षण मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा होंगे। वे 31 अक्टूबर को दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक वी टावर में मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे निवेशकों और ग्राहकों को रियल एस्टेट में निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं, संभावनाओं और निवेश संबंधी टिप्स की जानकारी देंगे। ग्रुप के अनुसार, जो ग्राहक तैयार ऑफिस स्पेस चाहते हैं, उनके लिए वी टावर फेज-1 का विकल्प उपलब्ध है। वहीं, लंबी अवधि में आसान किस्तों के माध्यम से निवेश करने के इच्छुक ग्राहक फेज-2 में बुकिंग करा सकते हैं।



ऑफिस स्पेस व स्टूडियो अपार्टमेंट की बुकिंग भी

36 महीने के पेमेंट प्लान के जरिए ग्राहक अपनी सुविधा के अनुसार भुगतान कर सकेंगे। लॉन्चिंग इवेंट के दौरान ग्राहक प्रोजेक्ट की जानकारी लेने के साथ प्रीमियम ऑफिस स्पेस और स्टूडियो अपार्टमेंट की बुकिंग भी करा सकेंगे।

बैंक, अन्य शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 905 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच बैंक और दैनिक उपयोग का उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी आई। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 905 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,900 अंक के पार पहुंच गया।

बीएसई सेंसेक्स 905.01 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,151.04 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 237.90 अंक यानी 1.05 प्रतिशत के लाभ बढ़त के साथ 22,936.75 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सबसे ज्यादा पांच प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 3,682.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जिससे कंपनी का शेयर लाभ में रहा। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. और इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त में रहे।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, मारुति सुजुकी इंडिया, टेक महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।



कंपनियों के लाभ मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है

नायर ने कहा कि कुछ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों और घरेलू मांग बने रहने से बाजार की बुनियादी स्थिति को समर्थन मिल रहा है। हालांकि, लागत ऊंची रहने से कंपनियों के लाभ मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है। ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, रुपये के मूल्य में गिरावट, घरेलू बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि और मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता बाजार के लिए प्रमुख जोखिम बने हुए हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सुरक्षागार्ड/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1.सुरक्षा गार्ड 28 वेतन 17000 2.कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 20000 3. मार्केटिंग ऑफिसर 4.वेतन 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालयः **प्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइलः - 7746000016, 7747000016.**(आरो-815)

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित संस्थान हेतु अनुभवी सीनियर अकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे जीएसटी आयकर टीडीएस और टेलिफाइलिंग का संपूर्ण ज्ञान हो ऐसे अकाउंटेंट की शीघ्र आवश्यकता है **संपर्क करें:- मंडल मानिक एक्वा जेनेरिक टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्राली माना रायपुर 492015 मोबाइल नंबर:- 9669410004, 9179700909.**(आरो-101)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- लड़कियों की आवश्यकता है। पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा के साथ **संपर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, रायपुर | मो.- 8109135400, 9179380728.**(आरो-145)

ऑपरेटर/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- होटल प्रिंस बार में आवश्यकता है 1. 02 कंप्यूटर ऑपरेटर (बिलिंग सॉफ्टवेयर चलाने वाले की) 2. 03 वेटर्स की, एवं 01 होटल मैनेजमेंट किया हुआ सुपरवाइजर, 3. कृषि कार्य की देखरेख करने के लिए मैनेजर की जो कृषि की पढ़ाई किया हो **संपर्क करें 8518811111.**(आरो-A)

Business व्यापार

बिजनेस- स्टॉक क्लीयरेंस सेल प्रिय रिटेलर्स, हमारी दुकान पर आइए और ज्यादा मुनाफा कमाइए। क्लीयरेंस के लिए हमारे पास बहुत सारा स्टॉक उपलब्ध है। जल्दी आइए। शर्तः- केवल नकद भुगतान। जनता बूट हाउस बोरिया कला, रायपुर (आरो-241)

Property प्रापर्टी

खरीदी/बिक्री

खरीदी बिक्री- भाटागांव, चंगोराभाटा, रायपुरा काठाडीह, अमलेश्वर, खुडमुड़ा प्रोफेसर कालोनी, डी. डी. नगर मे जमीन एंव मकान खरीदी बिक्री के लिए संपर्क करें। मो:- 7723023077, 7000058909. (आरो-237)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

जमीन

जमीन बेचना है- रायपुर रोड, धमतरी - संबलपुर में स्थित (लगभग) 19000 वर्गफीट नेशनल हाईवे पर जमीन बेचना है। संपर्क करे - मो. नं. 9425203208. (आरो-0192)

For Rent किराया

किराये से देना है - भवन किराए पर उपलब्ध है। ऑफिस एवं गोदाम हेतु 3000, 1500 एवं 1000 वर्गफुट जगह उपलब्ध। पता: जी.डी. शेष निलियम बिल्डिंग, तात्यापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़। संपर्कः 9826135333.(आरो-010)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी दावे-वादे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूरी जानकारी लेने के स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने दावों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद तलाश की नई सुबह तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड Space Available for Ad. 6263818152

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक



Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.बी.पी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वस्थ्य टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी वामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

रणजी ट्रॉफी : तनुष की घातक गेंदबाजी, मुंबई ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया

मुंबई के तनुष ने 81 रन देकर हरियाणा के आठ विकेट झटके

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तनुष कोटियन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 81 रन देकर आठ विकेट लिए जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में बृहस्पतिवार को यहां हरियाणा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया।

मुंबई ने इस तरह से लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया। उसके सामने केवल 97 रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 67) और दिव्यांश सक्सेना (नाबाद 30) ने केवल 10.4 ओवर मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया और उसे सात अंक दिलाए। इससे पहले मुंबई ने चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ भी बोनस अंक के साथ जीत हासिल की थी। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा 270 रन ही बना पाया था और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था।

हरियाणा ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 73 रन से आगे बढ़ाई और कुल 256 रन बनाए। उसकी तरफ से निशांत सिंधु (44), सामंत जाखर (40) और अनुज ठकराल (नाबाद 40) ही धीमी पिच पर कुछ संघर्ष कर पाए।



विदर्भ ने गोवा को एक पारी और 27 रन से दी शिकस्त

नागपुर में खेले गए मैच में बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के चार विकेट की मदद से विदर्भ ने गोवा को दूसरी पारी में 195 रन पर समेटकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को एक पारी और 27 रन से जीत दर्ज की। फॉलोआन खेलते हुए गोवा की टीम दुबे की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। दुबे ने 38 रन देकर चार विकेट चटकाये जिनमें मंथन खुटकर (70) का विकेट शामिल था। यह विदर्भ की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह 18 अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। इससे पहले ध्रुव शोरे के 168 रन की मदद से आठ विकेट पर 442 रन बनाकर विदर्भ ने पहली पारी घोषित करके 222 रन की बढत ली थी। दानिश मालेवार ने 56 और अक्षय वाडकर ने 63 रन बनाये थे। गोवा ने पहली पारी में 220 रन बनाये थे।

सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराया

राजकोट में बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत के आठ विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। तीसरे दिन असम के सात विकेट 65 रन पर निकालने के बाद सौराष्ट्र की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। भूत ने सात रन के भीतर छह विकेट चटकाये। भूत ने 18 ओवर में 17 रन देकर आठ विकेट लिये। असम की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर आउट हो गई। असम के पहली पारी के 281 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने 387 रन बनाये थे। पारी के अंतर से जीत के साथ सौराष्ट्र को एक बोनस अंक भी मिला। एक अन्य मैच में कर्नाटक ने भी त्रिपुरा को एक पारी और 116 रन से हराकर सात अंक हासिल किये।

बंगाल ने केरल को 287 रन से दी मात

मंगलापुरम (केरलम) में स्पिनर प्रदीप्ता प्रमाणिक के दस विकेट और शाहबाज अहमद के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के मैच में बृहस्पतिवार को केरलम को 287 रन से हराया। जीत के लिये 408 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केरलम ने चार विकेट पर 53 रन से आगे खेलना शुरू किया और 38 . 4 ओवर में 120 रन पर पूरी टीम आउट हो गई। बंगाल की यह इस सत्र में लगातार तीसरी जीत है और 18 अंक लेकर वह ग्रुप सी में शीर्ष पर है। शाहबाज ने बंगाल की पहली पारी में 121 रन बनाने के साथ दोनों पारियों में दो दो विकेट लिये। बंगाल ने दो पारियों में 350 और 198 रन बनाकर केरलम को 408 रन का लक्ष्य दिया था।

खबर संक्षेप

दिल्ली ने घरेलू महिला टी20 में विश्व रिकॉर्ड बनाया

पुणे। दिल्ली ने बृहस्पतिवार को यहां सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 262 रन बनाकर घरेलू महिला टी20 मैचों में एक पारी में सबसे अधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दिल्ली की पारी का आकर्षण तनीषा सिंह का शतक रहा। उन्होंने 47 गेंद पर 119 रन बनाए। दिल्ली की टीम ने इसके बाद हैदराबाद को आठ विकेट पर 154 रन ही बनाने दिए और इस तरह से 108 रन से बड़ी जीत हासिल की। दिल्ली में गोवा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2019-20 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दो विकेट पर 257 रन बनाए थे। दिल्ली का स्कोर महिला टी20 में 11वां सबसे बड़ा स्कोर है। शीर्ष 10 स्कोर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बने हैं। तनीषा का महिला टी20 में सबसे तेज शतक : तनीषा ने 38 गेंद पर शतक पूरा किया जो महिला टी20 में तीसरा सबसे तेज शतक है।

आकलैंड में न्यूजीलैंड के साथ चौथा मुकाबला आज

कुलदीप और वरूण को चौथे टी20 में मिल सकता है मौका

एजेंसी ▶▶| आकलैंड

श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच में कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती को मौका दे सकती है। दोनों स्पिनरों को पिछले कुछ महीनों में उतने मौके नहीं मिले हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों को चुनने की रणनीति पर जोर देता आया है। अब तक यह रणनीति कारगर भी रही है जिसके दम पर भारत ने तीनों मैच जीते। अगले दो मैचों में अब उतना दबाव नहीं है तो भारत अपने टीम संयोजन में प्रयोग कर सकता है। वरूण का फॉर्म पिछले छह महीने में अच्छा नहीं रहा है लेकिन कुलदीप ने बीच के ओवरों में विकेट चटकाये हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो मैचों में मौका मिला लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे।



कुलदीप यादव का आत्मविश्वास बनाए रखना होगा

कुलदीप को और बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर असर हो सकता है लेकिन उन्हें टीम में लाने के लिये निचले क्रम तक बल्लेबाजी की मानसिकता से पार पाना होगा। तीसरे टी20 में दो स्पिनर हरफनमौला अक्षर पटेल और नमन धीर थे जिन्हें गेंदबाजी का भी मौका नहीं मिला। अब तक 115 मैचों में 7 . 70 की इकॉनॉमी से गेंदबाजी करने वाले अक्षर श्रृंखला में 9 . 58 रन प्रति ओवर की दर से रन दे चुके हैं और उन्हें दो ही विकेट मिले हैं।



वैभव को मिल सकता है फिर मौका

पिछले दो मैचों में मयंक यादव की जगह प्रिंस यादव को उतारा गया। अब देखना है कि मयंक को मौका मिलता है या टीम अब तक प्रभावी रहे प्रिंस पर ही भरोसा करती है। ईशान किशन ग्रोइन की चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। वह अगर कल भी नहीं खेल पाते हैं तो वैभव सूर्यवंशी को फिर मौका मिल सकता है। वेलिंगटन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अभिषेक शर्मा की पारी ने सुर्खियां बंटोरी।

कीवी के सामने सबसे बड़ी चुनौती भारतीय बल्लेबाजी

न्यूजीलैंड के लिये सबसे बड़ी चुनौती भारतीय शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की होगी। संजू सैमसन , अभिषेक और सूर्यवंशी ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करके न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को परेशान किया है। कप्तान मिचेल सेंटनेर ने बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी से प्रभावित किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। भारत ने वेलिंगटन में पहले छह ओवरों में ही रिकॉर्ड 118 रन बना लिये थे मैट हेनरी के बाद लॉकी फर्ग्युसन के भी चोट के कारण श्रृंखला से बाहर होने से न्यूजीलैंड टीम को एक और झटका लगा है।

एमआई ने मलिंगा, म्हाम्ब्रे और होपकिंसन को हटाया

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा , पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच कार्ल होपकिंसन अब टीम का हिस्सा नहीं हैं। पांच बार की आईपीएल चैम्पियन टीम ने अगले सत्र से पहले पूरे कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर दिया है। मुख्य कोच महेला जयवर्धने की जगह कीरोन पोलार्ड ने ली है। मुंबई इंडियंस ने एक बयान में कहा ,'' मुंबई इंडियंस यह घोषणा करती है कि लसिथ मलिंगा, पारस म्हाम्ब्रे और कार्ल होपकिंसन अब पुरूष टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा नहीं हैं।

एथलीट आयोग के लिए मीराबाई सिंधू के नामांकन पाए गए वैध



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को जांच के बाद वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को उन उम्मीदवारों की सूची जारी की जिनके नामांकन वैध पाए गए। एथलीट आयोग के 2026-2030 कार्यकाल के लिए 10 सदस्यों (पांच पुरुष और पांच महिला) के चुनाव तीन नवंबर को होंगे। श्रीवास्तव ने 22 अक्टूबर को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिनके नामांकन पत्र हासिल हुए थे। उसमें वही 12 खिलाड़ी शामिल थे। सिंधू और चानू के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों ने नामांकन भरा है उनमें पुरुष और महिला हॉकी के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सलीमा टेटे, निशानेबाज स्वप्निल कुशारे शामिल है।

- सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन जांच के बाद वैध, पांच साल के लिए चुनाव 3 नवंबर को होगा

हाइलो ओपन : सिंधू क्वार्टर फाइनल में

सारब्रुकन (जर्मनी)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को यहां आसान जीत के साथ हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन मालविका बंसोड और इशारानी बरुआ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की रोजी ओक्टाविया पंचासारी को केवल 26 मिनट में 21-9, 21-6 से हराया।

मनीषा ने विश्व चैंपियन बनने की उम्मीदें बरकरार रखी

एजेंसी ▶▶| अस्ताना

सुजीत कलकल को बृहस्पतिवार को यहां विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में क्वार्टरफाइनल में दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मनीषा भानवाला ने महिलाओं 59 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर विश्व चैंपियन बनने की भारत की उम्मीदों को जीवंत रखा। मनीषा ने दो मुकाबले 'पिनफॉल' से जीते और एक अन्य मुकाबले में एक भी अंक नहीं गंवाया। मनीषा ने कजाकिस्तान की अल्टीन शागायेवा को 'पिनफॉल' करने से पहले 10-0 की बढ़त बना ली थी। स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना पैन अमेरिकन चैंपियन अबीगैल एलिजाबेथ नेट से होगा। नीलम सिरोही और काजल धोचक के रजत पदक से संतोष करने के एक दिन बाद मनीषा मौजूदा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय पहलवान बन गईं। इससे भारत की विश्व चैंपियन के लिए लंबे इंतजार को खत्म करने की उम्मीद बंध गई है। मनीषा ने गैर ओलंपिक 59 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने का विकल्प चुना। वह हालांकि अतीत में 57 किलोग्राम और 62 किलोग्राम वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर चुकी थी। अनुभवी भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में अपना दबदबा बनाए रखा और पहले पीरियड के अंत तक 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। उनके मजबूत रक्षात्मक खेल ने शागायेवा को पूरी तरह से निराश कर दिया, जो भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ एक भी हमला नहीं कर सकीं।

- मनीषा स्वर्ण के लिए अबीगैल से भिडेगी



एसीटी हॉकी में भारत ने चीन को 5-2 से हराया



एजेंसी ▶▶| जालंधर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने दो-दो गोल किए, जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में चीन को 5-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत (12वें और 34वें मिनट) ने दो शानदार मैदानी गोल दागे, जबकि हरमनप्रीत (27वें और 31वें मिनट) ने भारत के लिए दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। जुगराज सिंह (47वें मिनट) ने भी ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के लिए पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। चीन ने अपने दोनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। उसके लिए पेंग यांग (26वें मिनट) और चोंगकॉन्ग चेन (36वें मिनट) ने यह गोल किए। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 13-0 से हराया था, जबकि चीन एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मलेशिया से 4-5 से हार गया था। भारत अपना अगला मैच शुक्रवार को जापान के खिलाफ खेलेगा, जबकि चीन का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय टीम ने शुरू से ही खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और उसके खिलाड़ी कई बार सर्कल में पहुंचे, लेकिन 12वें मिनट तक कोई वास्तविक अवसर बनाने में असफल रहे।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उतती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधा: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

भव्य शुभारंभ

संजीवनी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल



विश्वस्तरीय, व्यापक एवं अत्याधुनिक सुपरस्पेशलिटी चिकित्सा सेवाओं के एक नए अध्याय का शुभारंभ

दिनांक: शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 समय: सायं 7:00 बजे स्थान: दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर



अध्यक्षता में
माननीय डॉ. रमन सिंह
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा



मुख्य अतिथि
माननीय विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन



विशिष्ट अतिथि
माननीय अरुण साव
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन



विशिष्ट अतिथि
माननीय विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन



विशिष्ट अतिथि
माननीय श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन



विशिष्ट अतिथि
माननीय बृजमोहन अग्रवाल
सांसद (लोक सभा, रायपुर)

विशेष अतिथि

माननीय रामविचार नेताम
कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

माननीय गुरु खुशवंत साहेब
कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

माननीय भूपेश बघेल
पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

माननीय चरणदास महंत
नेता प्रतिपक्ष, छग विधानसभा

माननीय सुनील सोनी
विधायक, रायपुर

माननीय राजेश मूणत
विधायक, रायपुर

माननीय पुरंदर मिश्रा
विधायक, रायपुर

माननीय मोतीलाल साहू
विधायक, रायपुर

माननीय मोहम्मद अकबर
पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़

माननीय डॉ. सलीम राज
कैबिनेट मंत्री, दर्जा

माननीय अनुज शर्मा
विधायक, रायपुर

माननीय मीनल चौबे
महापौर, रायपुर

अत्याधुनिक चिकित्सा, उपकरण, तकनीक व सुविधाएँ

- कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग
- कार्डियोलॉजी विभाग
- व्यापक प्रयोगशाला जाँच सेवाएँ
- क्रिटिकल केयर एवं इमरजेंसी मेडिसिन
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग
- जनरल मेडिसिन विभाग
- जनरल सर्जरी विभाग
- गायनेकोलॉजी विभाग
- हीमैटो एवं हीमैटो-ऑन्कोलॉजी
- मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग
- नेफ्रोलॉजी विभाग
- न्यूरोलॉजी विभाग
- न्यूरोसर्जरी विभाग
- न्यूक्लियर मेडिसिन एवं PET स्कैन
- ऑर्थोपेडिक्स विभाग
- पेन एवं पैलिएटिव मेडिसिन विभाग
- फिजियोथेरेपी एवं डायटेटिक्स
- प्लास्टिक सर्जरी विभाग
- पल्मोनोलॉजी विभाग
- रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग
- रेडियोलॉजी विभाग
- यूरोलॉजी विभाग
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग
- ब्लड बैंक

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छ.ग. 7389905010, 7389904010



रोचक खबरें



92 की उम्र में पहली बार बना दादा गिनीज बुक में दर्ज हुआ रिकॉर्ड

वॉशिंगटन। जिंदगी कब और कौन सा सरप्राइज दे दे, यह कोई नहीं जानता. उम्र तो बस एक नंबर हैइस बात को अमेरिका के रहने वाले 92 साल के एक बुजुर्ग ने सच साबित कर दिखाया है। नॉर्मन टूसिग्नेंट ने इस उम्र में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। लेकिन खास बात यह है कि उन्हें यह रिकॉर्ड अपनी उम्र के लिए नहीं, बल्कि 92 साल की उम्र में पहली बार दादा बनने के लिए मिला है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आम तौर पर लोग 92 साल की उम्र में परपोते-परपोतियों या उनके भी बच्चों को खिलाने की उम्र में होते हैं। लेकिन 22 सितंबर 2022 का दिन नॉर्मन के परिवार के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं था। इस दिन उनके घर एक नन्हीं परी का जन्म हुआ, जिसका नाम मैडिसन रखा गया। जब मैडिसन का जन्म हुआ, तब नॉर्मन की उम्र ठीक 92 साल और 24 दिन थी। इस उम्र में पहली बार दादा बनने की खुशी ने इस परिवार की दुनिया ही बदल दी।

92 वें जन्मदिन पर मिला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का ताज

इस अनोखी घटना के बाद नॉर्मन के परिवार ने इसके बारे में रिसर्च की और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से संपर्क किया. आखिरकार जब अगस्त 2026 में नॉर्मन अपना 96वां जन्मदिन मना रहे थे, तब उन्हें आधिकारिक तौर पर 'दुनिया के सबसे उम्रदराज पहले बार बने दादा' के खिताब से नवाजा गया।

किस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा?

नॉर्मन टूसिग्नेंट से पहले यह अनोखा रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के चार्ल्स स्मिथ के नाम दर्ज था। नॉर्मन ने उनसे लगभग छह महीने के अंतर से इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और नया इतिहास रच दिया।

29 वर्षीय तेलंगाना के युवक ने जीते 240 करोड़ रुपए

अबू धाबी। अबू धाबी में रहने वाले एक भारतीय युवक की रातोंरात किस्मत बदल गई। युवक ने लॉटरी में 240 करोड़ रुपए जीत लिए, जिसके बाद उसने भारत और यूईए में प्रॉपर्टी खरीदी है अपने और अपने भाई के लिए गाड़ियां ली हैं, अपनी मां के लिए सोने के गहने खरीदे हैं और अपने पिता के लिए खेती की जमीन ली है। इस दौरान भारतीय युवक ने बाली से एम्स्टर्डम तक घूम लिया, लेकिन आज वो एक ऐसी बात कह रहे हैं जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। 29 वर्षीय अनील कुमार बोल्ला अबू धाबी में आईटी सेक्टर में नौकरी करते हैं। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर 2025 में लॉटरी में किस्तम आजमाई और अपनी मां का बर्थडे का नंबर 11 चुना। पर शायद ही उन्हें इस बात का अंदाजा रहा होगा कि यही नंबर उनकी किस्मत बदल देगा और अनिल ने यूएई लॉटरी में 100 मिलियन दिरहम का जैकपॉट जीत लिया। मतलब 240 करोड़ रुपए उन्हें लॉटरी में मिल गए। अनिल बोल्ला ने बताया कि उनके लिए सबसे बड़ा इनाम यह है कि उन्हें अपने परिवार के साथ बिताने के लिए ज्यादा समय और आजादी मिल गई है। सबसे अहम बात यह है कि मैं अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिता पा रहा हूं।



परिवार अभी पुराने घर में ही रहता

बोल्ला का परिवार आज भी तेलंगाना में आज भी उसी घर में रहता है, जिसे वे अपने पिता का 'सपनों का घर' बताते हैं। उन्होंने अपने पिता को खेती की जमीन भी दी, ताकि वे ऑर्गेनिक फार्मिंग (जैविक खेती) में अपनी रुचि को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने एक 'आईफोन 17 एयर' और चार-पांच महंगी घड़ियां खरीदी हैं। अनिल ने कहा कि मेरी खुशी हमेशा मेरे परिवार से जुड़ी है। मैंने उनके लिए जो कुछ भी किया है, वह मेरे लिए बहुत खास है। खुद के लिए कुछ करने की तुलना में, उनके लिए किए गए कामों से मुझे सबसे ज्यादा खुशी मिलती है।

कई देशों में घूम चुके हैं अनिल

लॉटरी में मिली रकम से अनिल ने यूएई और भारत में प्रॉपर्टी खरीदी है। वह यूएई में रहना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने कुछ अन्य बिजनेस और मौकों की तलाश भी शुरू कर दी है। साथ ही भारत के साथ भी अपने रिश्ते मजबूत बनाए रखना चाहते हैं। लॉटरी जीतने के बाद से पिछले 12 महीनों में अनिल देशों में घूमने जा चुके हैं। उन्होंने बाली, थाईलैंड और एम्स्टर्डम जैसी जगहों की ट्रिप की है। उन्होंने कहा कि पता नहीं क्यों, अब वह उत्साह कम हो गया है।

चीन के सीक्रेट स्पेसप्लेन पर नया खुलासा

अमेरिका ने जारी की सैटेलाइट तस्वीर, पेलोड दरवाजे दे सकते हैं मिशन का सुराग

बीजिंग। अमेरिकी सैन्य खुफिया एजेंसी ने चीन के सीक्रेट स्पेस प्लेन की तस्वीर जारी की है। यह तस्वीर वैंटोर के वर्ल्डव्यू 3 सैटेलाइट से 90 किलोमीटर की दूरी से ली गई है। पर्यवेक्षकों ने पहले भी ऑर्बिट में शेनलोंग की तस्वीरें ली हैं, लेकिन वैंटोर की यह नई तस्वीर इस अंतरिक्ष यान के बारे में ज्यादा और स्पष्ट जानकारी देती है। इसमें इसे कक्षा (ऑर्बिट) में दूसरे अंतरिक्ष यान से जुड़ा हुआ देखा जा सकता है। यह अमेरिका-चीन की अंतरिक्ष में तेज होती प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। इस नई तस्वीर का रिजॉल्यूशन 4.5 सेंटीमीटर प्रति पिक्सेल है। तस्वीर को डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी की नई रिपोर्ट में शामिल किया गया है, जो अंतरिक्ष में विरोधी ताकतों से जुड़े खतरों का आकलन करती है। तस्वीर में रोबोटिक शेनलोंग स्पेस प्लेन एक उपग्रह (सैटेलाइट) से जुड़ा दिखा है, जिसके सोलर पैनल खुले हैं। इस उपग्रह की पहचान के बारे में पता नहीं चल पाया है।



चीन के स्पेसप्लेन प्रोग्राम

चीन ने 2020 से अब तक चार ज्ञात ऑर्बिटल मिशन पूरे किए हैं। इनमें प्रायोगिक (एक्सपेरिमेंटल) फिर उपयोग योग्य (रीयूजेबल) अंतरिक्ष यान शामिल है। चीन का सबसे नया मिशन 7 फरवरी, 2026 को शुरू हुआ। यह यान अभी भी कक्षा (ऑर्बिट) में मौजूद है। चीन के पास दो मुख्य स्पेसप्लेन मॉडल- शेनलोंग और तेंग्युन हैं।

चीन और अमेरिका के बीच चल रही स्पेस रेस

अमेरिका भी एक गुप्त रोबोटिक स्पेस प्लेन बोइंग के 'एक्स-37बी' का संचालन करता है। अमेरिका ने इसकी क्षमताओं या मिशनों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी है। फरवरी 2025 में अमेरिकी स्पेस फोर्स ने अंतरिक्ष में मौजूद एक्स-37बी की पहली तस्वीर जारी की थी। ये दिखाता है कि चीन और अमेरिका के बीच स्पेस रेस (अंतरिक्ष दौड़) चल रही है, जिसमें दोनों देश एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहे हैं।

मिशन के बारे में मिलेगी जानकारी?

तस्वीर में शेनलोंग के पेलोड-बे के दरवाजे खुले हैं। पेलोड दरवाजे इस बात का सुराग दे सकते हैं कि शेनलोंग मिशन में क्या कर रहा है, जिसे फरवरी 2026 में लॉन्च किया गया था। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी का कहना है कि शेनलोंग उन तकनीकों का परीक्षण करता है, जो भविष्य में अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए सुविधाजनक और किफायती राउंड ट्रंप के तरीकों का रास्ता तैयार करेंगी। पर्यवेक्षकों ने शेनलोंग को कक्षा में कुछ चीजें छोड़ते हुए देखा है। जून में अमेरिकी अंतरिक्ष खुफिया कंपनी लियोलैब्स ने बताया था कि उसने इस स्पेस प्लेन के पास एक नई वस्तु का पता लगाया है। शेनलोंग के तीसरे मिशन के दौरान भी ऐसा हुआ था, जो 2024 में पूरा हुआ। 2023 में अपने दूसरे मिशन के दौरान भी इस स्पेस प्लेन ने एक वस्तु छोड़ी थी।

तस्वीर में क्या दिखा है-

तस्वीरों में एक छोटा, शटल जैसा अंतरिक्ष यान दिखाई देता है, जिसमें छोटे पंख हैं। इसमें दो वर्टिकल टेल और बीच में खुला 'पेलोड बे' (सामान रखने की जगह) है। चीन के इस यान के पिछले हिस्से में दोनों तरफ सोलर पैनल लगे हैं। इस यान का डिजाइन काफी हद तक अमेरिकी 'एक्स-37बी' जैसा ही है। बीजिंग के यानों में हथियार लगे होने या आक्रामक मिशन का सबूत नहीं मिला है।

मामूली समझे जाने वाले पोकेमॉन काड्र्स की करोड़ों में लगी बोली

लंदन। इंग्लैंड के वोकिंग शहर में रहने वाले एक रिटायर्ड डेकोरेटर की किस्मत उस वक्त चमक गई, जब उनके घर की अटारी में रखे पुराने पोकेमॉन काड्र्स करोड़ों रुपए में बिक गए। जिस कलेक्शन को उन्होंने करीब 15 साल तक संभालकर रखा था, उसकी कीमत का उन्हें अंदाजा तक नहीं था, लेकिन जब इन काड्र्स की नीलामी हुई, तो वे रातोंरात करोड़पति बन गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन काड्र्स को सरे में बुधवार को इवबैंक्स ऑक्शन हाउस में 15.6 लाख पाउंड यानी करीब 20 करोड़ रुपए में बेचा गया। दिलचस्प बात यह है कि इन काड्र्स की असली कीमत का पता उन्हें एक स्थानीय अखबार पढ़ने के बाद चला। अखबार में खबर छपी थी कि पोकेमॉन का एक कार्ड 6,000 पाउंड से ज्यादा में बिका है। यह पढ़कर उन्हें एहसास हुआ कि उनके पास भी कुछ ऐसा ही कीमती खजाना हो सकता है। इनमें से एक सेट के लिए उन्होंने उस समय 300 पाउंड खर्च किए थे। लेकिन, बुधवार को हुई नीलामी में वही सेट 75,000 पाउंड यानी करीब 80 लाख रुपए में बिक गया। सभी काड्र्स को खास तौर पर तैयार किए गए पोकेमॉन बाइंडर्स में सुरक्षित रखा गया था। उनकी सील भी नहीं खोली गई थी। जब बेटे का पोकेमॉन के प्रति शौक कम हो गया, तो पूरा कलेक्शन अटारी में रख दिया गया। इसके बाद करीब 15 साल तक ये काड्र्स वहीं पड़े रहे। इवबैंक्स ऑक्शन हाउस के मुताबिक, 15.6 लाख पाउंड में हुई यह बिक्री ब्रिटेन में किसी ट्रेडिंग कार्ड कलेक्शन की अब तक की सबसे महंगी नीलामी है।



35 लाख का चैंपियन भैंसा हुआ चोरी ढूंढने वाले को मिलेगा 1 लाख का इनाम

चंडीगढ़। पंजाब के कपूरथला जिले से एक बेहद हैरान करने वाली खबर सामने आई है। जिले काला संघिया में बीते कई दिनों से रात के समय लोगों की भैंस चोरी होने का सिलसिला जारी है। अब विगत रात एक खूह से भैंसा चोरी हो गया। मालिक कमलजीत सिंह को सुबह जानकारी मिली कि उनका भैंसा चोरी हो गया है, तो उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला है और अपने राजा को ढूंढने वाले को एक लाख का इनाम देने की घोषणा की है। इसके कारण पोस्ट वायरल हो गई है। काला संघिया में खूह पर रखे पशुओं में से राजा नाम के झोटे (भैंसा) को चोरों ने चोरी कर लिया। भैंसे के मालिक का कहना है कि वह पंजाब के गांवों में होने वाली हल्ट दौड़ में काफी मशहूर था।



डेढ वर्ष की उम्र से ही हाल्ट दौड़ में हिस्सा ले रहा था राजा

भैंसे के मालिक ने बताया कि डेढ़ वर्ष की उम्र से ही उसे हाल्ट दौड़ प्रतियोगिता में शामिल किया था। वह प्रतियोगिता में शामिल होता था तो उसके कद काठ को देखकर लोग चौंका जाते थे। अब वह 19 साल का हो गया था। उसने पंजाब के कई गांवों में हाल्ट दौड़ में अपना बेहतरनी प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। खाने में उसे देसी घी व दूध दिया जाता था। उसकी कीमत 35 लाख रुपए आंकी जा चुकी है।

450 करोड़ में बिका डायनासोर का दुर्लभ कंकाल

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क के मशहूर सोथबी ऑक्शन हाउस में विज्ञान और इतिहास की दुनिया का एक बड़ा सौदा देखने को मिला है। नैनोटाइरैनस डायनासोर का एक बेहद दुर्लभ कंकाल 47.3 मिलियन डॉलर यानी करीब 450 करोड़ रुपए में बिका है। इस कंकाल को वैज्ञानिकों ने 'जोडी' नाम दिया है। यह अब तक का दुनिया का दूसरा सबसे महंगा बिकने वाला फॉसिल बन गया है। नीलामी के दौरान छह बड़े खरीदारों के बीच करीब 12 मिनट तक जबर्दस्त जंग देखने को मिली। पहले इस जीवाश्म के 57 करोड़ से 85 करोड़ रुपए के बीच बिकने का अनुमान लगाया गया था। लेकिन, अंतिम बोली ने सभी पुराने अनुमानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। करीब 9.6 फीट ऊंचे और 19.6 फीट लंबे इस कंकाल में कुल 191 हड्डियां सुरक्षित बची हैं। इसकी खोपड़ी लगभग पूरी तरह सुरक्षित है।



सोथबी ऑक्शन में जब जोडी की बोली शुरू हुई तो वहां मौजूद लोगों की सांसें थम गईं। छह बड़े दावेदार इस ऐतिहासिक कंकाल को हासिल करने के लिए आमने-सामने थे। सिर्फ 12 मिनट के भीतर बोलियां तेजी से ऊपर चढ़ने लगीं। अंत में यह कंकाल 450 करोड़ रुपए में एक अनजान खरीदार के नाम हो गया। इस कंकाल ने जीवाश्म की दुनिया में नया इतिहास रच दिया है। इससे पहले जुलाई में टी-रेक्स का एक कंकाल गस करीब 476 करोड़ रुपये में बिका था। वह दुनिया का सबसे महंगा फॉसिल बना था। जोडी आकार में गस के मुकाबले आधा है। इसके बावजूद इसकी इतनी ऊंची कीमत लगने की मुख्य वजह इसकी दुर्लभता है। दुनिया में इस प्रजाति के गिने-चुने कंकाल ही अब तक मिल सके हैं।

जीवाश्म विज्ञान में नैनोटाइरैनस प्रजाति के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से बहस चल रही है। वैज्ञानिक कई सालों तक इसे केवल टी-रेक्स का छोटा बच्चा मानते रहे थे। हाल के वर्षों में नए अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि यह एक अलग प्रजाति का वयस्क डायनासोर था।

कैसे बाहर आया यह 6 करोड़ साल पुराना खजाना?

इस बेहद दुर्लभ कंकाल की खोज साल 2019 में मोंटाना के एक खेत में जोडी पियर्सन नाम की महिला ने की थी. उन्हीं के सम्मान में इस जीवाश्म का नाम जोडी रखा गया था। इसके बाद डायनासोर काउबॉय के नाम से मशहूर क्लेटन फिप्स ने जमीन खोदकर इसे बाहर निकाला. यह कंकाल अमेरिका के मोंटाना में स्थित मशहूर हेल क्रीक फॉर्मेशन से मिला है। यह इलाका डायनासोर के अवशेषों का सबसे बड़ा खजाना माना जाता है। साल 1902 में टी-रेक्स का पहला कंकाल भी इसी जगह से खोजा गया था। इसी इलाके से फिप्स ने साल 2006 में इयूलिंग डायनासोर नाम का मशहूर फॉसिल भी खोजा था। वह जीवाश्म इस समय नॉर्थ कैरोलिना के विज्ञान संग्रहालय में सुरक्षित रखा गया है।

खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां और सामान!

3000 फीट गहरी खाई में बसा है ये गांव, सिर्फ 208 लोग रहते हैं यहां

न्यूयार्क। दुनिया में जब भी किसी गांव का जिक्र होता है, तो आंखों के सामने खेत-खलिहान, कच्चे रास्ते और सुकून भरी जिंदगी की तस्वीर आने लगती है। लेकिन, क्या आपने कभी ऐसे गांव के बारे में सुना है, जहां पहुंचने के लिए आपको ऊंची पहाड़ियों और गहरी खाइयों के बीच से गुजरना पड़े? जहां न गाड़ियों का शोर सुनाई देता है और न ही सड़कों पर ट्रैफिक नजर आता है। हैरानी की बात यह है कि यह गांव किसी दूरदराज के गरीब देश में नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे ताकतवर देशों में शामिल अमेरिका में है। यहां लोग जमीन की सतह से करीब 3000 फीट नीचे रहते हैं और आज भी चिट्ठियां पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है।

अमेरिका के एरिजोना राज्य में मौजूद ग्रैंड कैनियन दुनिया के सबसे मशहूर प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में से एक है। इसकी विशाल चट्टानों और अनोखे नजारों को देखने के लिए हर साल लाखों लोग यहां पहुंचते हैं। इसी इलाके में हवासू कैनियन के पास सुपाई नाम का एक ऐतिहासिक गांव बसा है। यह ग्रैंड कैनियन के भीतर करीब 3000 फीट की गहराई में स्थित है। यहां की आबादी लगभग 208 लोगों की बताई जाती है। सुपाई की सबसे खास बात यह है कि यह आधुनिक शहरों की तरह सड़कों के जाल से नहीं जुड़ा है। गांव तक पहुंचने का रास्ता इतना कठिन है कि यहां जाने के लिए हेलिकॉप्टर, खच्चर या पैदल यात्रा का सहारा लेना पड़ता है। गांव की सबसे नजदीकी सड़क भी करीब आठ मील (12.87 किलोमीटर) दूर है।





आज भी खच्चरों के जरिए पहुंचती हैं चिट्ठियां

आज के दौर में जब कुछ ही सेकंड में मोबाइल पर मैसेज पहुंच जाता है, तब सुपाई गांव की डाक व्यवस्था किसी पुराने जमाने की याद दिलाती है। यहां चिट्ठियों और सामान को लाने-ले जाने के लिए खच्चरों का इस्तेमाल किया जाता है। डाक और दूसरी जरूरी चीजें खच्चरों पर लादकर गांव तक पहुंचाई जाती हैं। यहां की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि सामान्य डाक गाड़ियों के लिए गांव तक पहुंचना आसान नहीं है। यही वजह है कि खच्चर यहां के लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बने हुए हैं।

नीले-हरे पानी के झरने बनाते हैं इसे जन्नत जैसा

सुपाई गांव सिर्फ अपनी अनोखी डाक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए भी जाना जाता है। ऊंची चट्टानों से घिरे इस इलाके में कई खूबसूरत झरने हैं। यहां के पानी का रंग फिरोजी या नीला-हरा दिखाई देता है, जो इस जगह को बेहद खास बनाता है। इस इलाके में बारिश काफी कम होती है। इसके बावजूद यहां के झरनों और पानी के स्रोतों में बहता पानी लोगों को हैरान कर देता है। पानी के इस खास रंग के पीछे चट्टानों और जमीन में मौजूद मिनरल्स की भूमिका होती है। कैल्शियम कार्बोनेट जैसे पदार्थ और पानी में मौजूद मिनरल्स के कारण प्रकाश का रिफ्लेक्शन अलग तरीके से होता है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com